# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2021

## इंटरमीडिएट परीक्षा - 2021

### (ANNUAL / वार्षिक)

## PSYCHOLOGY

Biharboardquestionpaper.com

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 70

SECTION-A

प्रश्न संख्या 1 से 70 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें। आपको 35 प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. निम्नांकित में से कौन मनोवृत्ति का तत्व नहीं है ?

(a) संज्ञानात्मक तत्व

(b) भावात्मक तत्व

(c) स्मृति तत्य

(d) व्यवहारपरक तत्व

2. समूह निर्माण की किस अवस्था में अंतरा समूह द्वंद्व होता है ?

(a) निर्माणावस्या

(b) हो-हंगामा की अवस्था

(c) मानक स्थापित करने की अवस्था

(d) इनमें से कोई नहीं

3. निम्नांकित में कौन समूह संरचना का तत्व नहीं है ?

(a) भूमिका

(b) मानक

(c) पद

(d) समूह सोच

4. धर्म किस तरह के समूह का उदाहरण है ?

(a) प्राथमिक समूह

(b) गौण समूह

(c) औपचारिक समूह

(d) इनमें से कोई नहीं

5. प्राकृतिक आपदा का उदाहरण है

(a) बाढ़

(b) भूकंप

(c) सूखा

(d) इनमें से सभी

6. निम्न में से कौन परामर्श की प्रविधियाँ नहीं है ?

(a) निर्देशक परामर्श

(b) अनिर्देशक परामर्श

(c) समझौतावादी परामर्श

(d) प्रोत्साहन परामर्श

BiharboardQuestionpaper.com

7. किसी शिक्षक द्वारा अपने छात्र को आदेश देना उदाहरण है।

(a) अनुरूपता का

(b) अनुपालन का

(c) आज्ञापालन का

(d) चाटुकारिता का

8. निम्नांकित में कौन असामान्य व्यवहार से संबंधित नहीं है ?

(a) मानसिक असंतुलन

(b) क्रोमोसोम असमानता

(c) याददाश्त का कमजोर होना

(d) इनमें से कोई नहीं

9. द्विध्रुवीय मनोविकृति के कितने प्रकार हैं ?

(a) दो

(b) तीन

(c) चार

(d) पाँच

10. कैटेटोनिक स्टूपर एक लक्षण है

(a) मनोविदालित का

(b) रूपांतर मनोविकृति का

(c) एकध्रुवीय अवसाद का

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

11. असामान्य व्यवहार तथा सामान्य व्यवहार में अन्तर होता है

(a) क्रम का

(b) मात्रा का

(c) गुण का

(d) इनमें से कोई नहीं

12. निम्नांकित में कौन मनोविदालिता का एक प्रकार नहीं है ?

(a) विघटित मनोविदालिता

(b) व्यमोही मनोविदालिता

(c) मिश्रित मनोविदालिता

(d) विद्रोही मनोविदालिता

13. निम्नलिखित में कौन सही क्रम में प्रस्तुत किया गया है ?

(a) अहं-उपाहं-पराहं

(b) पराहं-अहं-उपाहं

(c) उपाहं-अहं-पराहं

(d) अहं-पराहं-उपाहं

14. एनोरेक्सिया नर्वोसा की विशिष्टता होती है

(a) स्नायविक दुर्बलता

(b) निद्रा व्याघात

(c) अपर्याप्त भोजन से वजन में कमी

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

15. निम्नांकित में से कौन संचार का तत्व नहीं है ?

(a) बोलना

(b) सुनना

(c) शारीरिक भाषा

(d) परानुभूति

16. निम्नलिखित में से परामर्श प्रक्रिया का चरण कौन-सा है ?

(a) प्रारंभिक खुलापन

(b) गहराई से खोजबीन

(c) कार्यवाही करना

(d) इनमें से सभी

17. व्यक्ति का शारीरिक हाव-भाव किस श्रेणी का कौशल है

(a) परामर्श कौशल

(b) संचार कौशल

(c) साक्षात्कार कार्य कौशल

(d) मनोवैज्ञानिक परीक्षण कार्य कौशल

18. पर्यावरण के प्रति भारतीय पौराणिक विचारधारा किस संदर्भ को समर्थन प्रदान करता है?

(a) न्यूनतमवादी संदर्भ

(b) साधनात्मक संदर्भ

(c) आध्यात्मिक संदर्भ

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

19. चिपको आंदोलन का संबंध किस क्षेत्र से है ?

(a) धार मरुभूमि के क्षेत्र से

(b) हिमालयन उत्तराखंड क्षेत्र से

(c) झारखंड की पहाड़ी क्षेत्र से

(d) इनमें से कोई नहीं

20. जनसंकुलन की अनुभूति में किसे शामिल नहीं किया जा सकता है ?

(a) दुःखद भाव

(b) एकांतता में कमी

(c) स्थान के प्रति ऋणात्मक विचारधारा

(d) प्रदूषित वातावरण का भाव

21. निम्नांकित में से किसे एक समूह की विशेषताओं में नहीं रखा जा सकता है ?

(a) समूह एक सामाजिक इकाई होता है

(b) समूह में सदस्यों के विशिष्ट लक्ष्य होते हैं।

(c) समूह में सदस्यों में अंतर निर्भरता होती है

(d) समूह में सदस्यों की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष अंतःक्रिया होती है।

22. निम्नलिखित में से कौन शाब्दिक बुद्धि परीक्षण है ?

(a) पास एलौंग परीक्षण

(b) धन निर्माण परीक्षण

(c) स्टैनफोर्ड-बिने परीक्षण

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

23. निम्न में से कौन बुद्धि लब्धि का सही सूत्र है?

(a) $\frac{\text{मानसिक उम्र x वास्तविक उम्र100}}{}$

(b) $\frac{\text{मानसिक उम्र}}{\text{वास्तविक उम्र}} \times 100$

(c) $\frac{\text{वास्तविक उम्र} \times \text{100मानसिक}}{\text{उम्र}}$

(d) इनमें से सभी

24. गार्डनर के अनुसार निम्नांकित में से कौन बुद्धि के प्रकार में नहीं है ?

(a) भाषाई बुद्धि

(b) तार्किक गणितीय बुद्धि

(c) स्थानिक बुद्धि

(d) अनुभवजन्य बुद्धि

25. पास मॉडल का विस्तारित रूप क्या है ?

(a) योजना, अवधान-उत्तेजन, समकालिक, आनुक्रमिक

(b) अवधान-उत्तेजन, समकालिक, आनुक्रमिक, योजना

(c) समकालिक, आनुक्रमिक, अवधान-उत्तेजन, योजना

(d) इनमें से कोई नहीं

26. मानसिक आयु के संप्रत्यय से किसने परिचय कराया ?

(a) बिने-साइमन

(b) टकमैन

(c) टरमैन

(d) कैटेल

BiharboardQuestionpaper.com

27. बुद्धि विषय पर शोध कार्य करने वाले पहले मनोवैज्ञानिक थे

(a) स्पीयरमैन

(b) थॉमसन

(c) गिलफोर्ड

(d) बिने

28. निम्नांकित में किसे 'स्व' का प्रकार नहीं माना जाता है ?

(a) पहचान स्व

(b) व्यक्तिगत स्व

(c) सामाजिक स्व

(d) संबंधात्मक स्व

29. निम्नांकित में से किसमें सदस्यों में पूरक कौशल होता है ?

(a) समूह में

(b) दल में

(c) श्रोतागण में

(d) इनमें से कोई नहीं

30. निम्नांकित में से किसका समूह निर्माण में योगदान नहीं होता है ?

(a) समीपता

(b) समानता

(c) आत्म-सम्मान

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

31. किसी समूह में यदि समग्रता बहुत अधिक मात्रा में बढ़ जाती है, तो उसका क्या परिणाम होता है ?

(a) समूह सोच की उत्पत्ति होती है

(b) सामाजिक सरलीकरण होता है

(c) सामाजिक श्रमावनयन होता है

(d) इनमें से कोई नहीं

32. सामाजिक श्रमावनयन के संदर्भ में कौन कथन गलत है ?

(a) इसमें उत्तरदायित्व का बिखराव होता है

(b) इसमें निष्पादन श्रेष्ठ हो जाता है

(c) इसमें व्यक्ति अन्य व्यक्तियों के साथ मिलकर कार्य करता है।

(d) इनमें से कोई नहीं

33. सामाजिक प्रभाव की कौन एक प्रक्रिया नहीं है ?

(a) अनुरूपता

(b) अनुपालन

(c) आज्ञापालन

(d) सामाजिक श्रमावनयन

34. केलमैन के अनुसार सामाजिक प्रभाव का कौन एक प्रकार नहीं है ?

(a) अनुपालन

(b) आज्ञापालन

(c) तादात्म्य

(d) आंतरीकरण

BiharboardQuestionpaper.com

35. सामाजिक प्रभाव का कौन सबसे स्पष्ट एवं प्रत्यक्ष प्रारूप है ?

(a) आज्ञापालन

(b) अनुरूपता

(c) अनुपालन

(d) आंतरीकरण

36. व्यवहार चिकित्सा की निम्न में से कौन-सी तकनीक उपयोग में नहीं लायी जाती है?

(a) क्रमिक विसंवेदीकरण

(b) मॉडलिंग तकनीक

(c) बायो-फीडबैक

(d) उद्‍बोधक चिकित्सा

37. निम्न में से कौन मनोविश्लेषण विधि से संबंधित नहीं है ?

(a) मुक्त साहचर्य

(b) स्वप्न विश्लेषण

(c) सकारात्मक प्रबलन और टोकन इकोनॉमी

(d) स्थानांतरण की अवस्था

38. निम्न में असामान्यता की कौन-सी कसौटी सर्वोपरी है ?

(a) सांख्यिकीय कसौटी

(b) समायोजन की उपयुक्तता

(c) परिवक्वता की कसौटी

(d) सामाजिक कल्याण की कसौटी

BiharboardQuestionpaper.com

39. निम्न में से समायोजन के क्षेत्र में कौन आता है ?

(a) शैक्षणिक

(b) व्यावस्थापिक

(c) संवेगात्मक

(d) इनमें से सभी

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें..

40. निम्न में से कौन प्रतिबल का स्रोत नहीं है ?

(a) चिंत

(b) सामाजिक प्रतिबल

(c) कुंठा

(d) संघर्ष

41. बच्चे में 'स्व' का विकास किस आयु में होने लगता है ?

(a) 1 वर्ष में

(b) 3 वर्ष में

(c) 2 वर्ष में

(d) 6 महीना में

42. बहु बुद्धि संप्रत्यय का प्रतिपादन किसने किया ?

(a) गार्डनर

(b) स्टर्नबर्ग

(c) जेन्सन

(d) स्पीयरमैन

BiharboardQuestionpaper.com

43. निम्नांकित में किसे व्यक्तित्व का नैतिक कमाण्डर कहा जाता है ?

(a) अहं

(b) उपाहं

(c) पराहं

(d) इनमें से कोई नहीं

44. टी. ए. टी. व्यक्तित्व मापन किस प्रकार का परीक्षण है ?

(a) प्रश्नावली

(b) आत्म रिपोर्ट आविष्कारिका

(c) कागज पेन्सिल जाँच

(d) प्रक्षेपी

45. व्यक्तित्व का विश्लेषणात्मक सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया ?

(a) कार्ल लुंग

(b) एडलर

(c) फ्रायड

(d) शेल्डन

46. वायरस क्या है?

(a) पैथोजेन्स

(b) एन्टीजेन्स

(c) एन्टीबॉडिज

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

47. सामान्य अनुकूलन संलक्षण में कितनी अवस्थाएँ होती है ?

(a) दो

(b) तीन

(c) चार

(d) पाँच

48. सामान्य अनुकूलन संलक्षण की तीसरी अवस्था का नाम क्या है ?

(a) परिश्रांति अवस्था

(b) प्रतिरोध अवस्था

(c) चेतावनी प्रतिक्रिया अवस्था

(d) इनमें से कोई नहीं

49. सामान्य अनुकूलन संलक्षण उत्पन्न करने में तीन अवस्थाओं का सही अनुक्रम क्या है?

(a) परिश्रांति चेतावनी, प्रतिरोध

(b) प्रतिरोध, परिश्रांति एवं चेतावनी

(c) चेतावनी, प्रतिरोध एवं परिश्रांति

(d) प्रतिरोध, चेतावनी एवं परिश्राति

50. समूह संघर्ष का कारण कौन नहीं है ?

(a) संचार की कमी

(b) सापेक्ष वंचन

(c) प्रत्यक्षित असमानता

(d) पुरस्कार संरचना

BiharboardQuestionpaper.com

51. प्राथमिक समूह को किसने प्रस्तुत किया ?

(a) थर्स्टन

(b) कूले

(c) मैकाइवर

(d) इनमें से कोई नहीं

52. किसने गौण समूह को इस प्रकार परिभाषित किया कि "वैसे समूह जो घनिष्ठता से रहित अनुभव प्रदान करते हैं उन्हें ही गौण समूह कहते हैं" ?

(a) कूले

(c) मैकाइवर

(c) ऑगबर्न और निमकॉफ

(d) इनमें से कोई नहीं

53. औपचारिक समूह का उदाहरण है

(a) लोक उपक्रम

(b) खेल समूह

(c) परिवार

(d) इनमें से कोई नहीं

54. किसने मनोवृत्ति को इस प्रकार परिभाषित किया कि "विशिष्ट वस्तुओं के प्रति विशिष्ट ढंग से व्यवहार करने को प्रवृत्ति या झुकाव को मनोवृत्ति कहते हैं" ?

(a) गरगेन

(b) ऑलपोर्ट

(c) क्रेच एवं क्रचफील्ड

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

55. निम्न में से कौन मनोवृत्तियों का परिवर्तन से संबंधित नहीं है ?

(a) व्यक्तिगत स्पष्ट अनुभव

(b) प्रतिष्ठा सुझाव

(c) जन माध्यम एवं संचार

(d) इनमें से सभी

56. छवि निर्माण के कितने पक्ष हैं ?

(a) 2

(b) 4

(c) 3

(d) 5

57. रेशनल इमोटिव चिकित्सा का प्रतिपादन किसने किया ?

(a) फ्रायड

(b) कार्ल रोजर्स

(c) इल्लिस

(d) इनमें से कोई नहीं

58. व्यवहार चिकित्सा किस सिद्धान्त पर आधारित है ?

(a) अधिगम के सिद्धांत पर

(b) अभिप्रेरण के सिद्धान्त पर

(c) प्रत्यक्षण के सिद्धांत पर

(d) विस्मरण के सिद्धान्त पर

BiharboardQuestionpaper.com

59. मनोविश्लेषणात्मक चिकित्सा का संबंध किस व्यक्ति से है ?

(a) फ्रायड

(b) युंग

(c) एडलर

(d) मैसलो

60. मनोवृति परिवर्तन प्रक्रिया में संज्ञानात्मक विसंवादिता विकसित किया

(a) अब्राहम मास्लो ने

(b) फ्रिट्ज़ हाइडर ने

(c) लियॉन फिस्टिंगर ने

(d) नार्मन ट्रिपलेट ने

61. मनोवृत्ति परिवर्तन के द्विस्तरीय संप्रत्यय को किसने विकसित किया ?

(a) फ्रिट्ज हाइडर

(b) लियॉन फिस्टिंगर

(c) कार्ल स्मिथ

(d) एस. एम. मोहसिन

62. निम्न में से कौन छवि निर्माण की प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं है ?

(a) चयन

(b) संगठन

(c) भूमिका निर्वाह

(d) अनुमान

BiharboardQuestionpaper.com

63. बटुकारिता, पारस्परिकता तथा बहु अनुरोध प्रविधियों

(a) अनुरूपता

(b) अनुपालन

(c) आज्ञापालन

(d) इनमें से सभी

64. निम्नलिखित में कौन 'स्व' का संज्ञानात्मक पहलू है ?

(a) आत्म संप्रत्यय

(b) आत्म क्षमता

(c) आत्म सम्मान

(d) इनमें से सभी

65. सोलह व्यक्तित्व कारक प्रश्नावली का विकास किसने किया ?

(a) आलपोर्ट

(b) कैटेल

(c) रोजर्स

(d) इनमें से कोई नहीं

66. निम्नलिखित में से कौन युंग के व्यक्तित्व प्रकार के अन्तर्गत शामिल नहीं है ?

(a) अन्तर्मुखी

(b) एंडोमार्फी

(c) बहिर्मुखी

(d) उभयमुखी

BiharboardQuestionpaper.com

67. कथानक आत्मबोध परीक्षण के निर्माता कौन हैं ?

(a) मार्गन एवं रोजनविग

(b) मुर्रे एवं मार्गन

(c) कैटेल

(d) रोशांक एवं मुर्रे

68. व्यक्तित्व के शीलगुण उपागम के अग्रणी मनोवैज्ञानिक किसे कहा गया है ?

(a) फ्रायड को

(b) आलपोर्ट फो

(c) थार्नडाइक

(d) इनमें से कोई नहीं

69. किसने कहा "जन्मक्रम व्यक्तित्व का निर्धारक है" ?

(a) युंग

(b) कार्डिनर

(c) फ्रॉम

(d) एडलर

70. कथानक आत्मबोध परीक्षण किस तरह का व्यक्तित्व परीक्षण है ?

(a) प्रक्षेपी परीक्षण

(b) आत्म रिपोर्ट इन्वेन्ट्री

(c) रेटिंग मापनी

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

SECTION-B

प्रश्न संख्या 1 से 20 लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 10 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है। प्रत्येक उत्तर के लिए शब्द सीमा 30-40 शब्द है।

1. विषाद क्या है ?
2. समूह ध्रुवीकरण से आप क्या समझते हैं ?
3. वैयक्तिक भिन्नता क्या है ?
4. मूल्यांकन क्या है ?
5. मनोविच्छेदी स्मृतिलोप क्या है ?
6. मानसिक रोगियों का पुनर्वास कैसे होता है ?
7. एनोरेक्सिया नरवोसा क्या है ?
8. द्रव्य दुरुपयोग तथा द्रव्य निर्भरता में अंतर करें।
9. बुद्धि को परिभाषित करें।
10. आत्म क्षमता क्या है ?
11. व्यक्तित्व को परिभाषित करें।
12. प्रक्षेपण विधि के गुणों का वर्णन करें।
13. विशिष्ट कौशल से आप क्या समझते हैं ?
14. अंतर-वैयक्तिक संचार क्या है ?
15. टाईप एच व्यक्तित्व की विशेषताओं का वर्णन करें।
16. यूस्ट्रेस तथा डिस्ट्रेस में अंतर स्पष्ट करें।
17. गरीबी तथा वंचन में अन्तर करें।
18. प्राकृतिक आपदा से आप क्या समझते हैं ?
19. मन की अचेतन अवस्था से आप क्या समझते हैं ?
20. शेल्डन के अनुसार व्यक्तित्व के प्रकारों का वर्णन करें।

BiharboardQuestionpaper.com

प्रश्न संख्या 21 से 26 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए शब्द सीमा 80 से 100 शब्द है।

21. मानसिक दुर्बल बालक क्या है ? मानसिक दुर्बल बालकों की विशेषताओं का वर्णन करें। 22. अन्तर्मुखी तथा बहिर्मुखी व्यक्तित्व में अंतर स्पष्ट करें।

23. तनाव के निपटान के उपाय कौन से हैं ?

24. मनोविदालिता से आप क्या समझते हैं ? इसके लक्षणों का वर्णन करें।

25. मनोगत्यात्मक चिकित्सा की विभिन्न अवस्थाओं का वर्णन करें।

26. मनोवृत्ति परिवर्तन में हाइडर के संतुलन सिद्धान्त की आलोचनात्मक व्याख्या करें।

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com